दिनांकः 02.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन राष्ट्रपति भवन में आज से शुरु हो गया है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कर रही हैं। राष्ट्रपति की अध्यक्षता में राज्यपालों का यह पहला सम्मेलन है। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन की कार्यसूची में तीन आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता तथा जनजातीय क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और विभिन्न खंडों या सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा एक भारत, श्रेष्ठ भारत और एक पेड़ मां के नाम तथा प्राकृतिक खेती जैसे कई विषयों पर राज्यपालों की भूमिका पर भी चर्चा होगी। राज्यपालों और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार–विमर्श होगा। राज्यपाल अलग–अलग समूहों में इन विषयों पर बातचीत करेंगे। समापन सत्र में ये समूह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य प्रतिभागियों के समक्ष अपनी प्रस्तुति देंगे। सम्मेलन में विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों सहित नीति आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं।

जयपुर में आज स्वास्थ्य भवन में अंगदान जागरूकता अभियान और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ये समारोह चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मुख्य आथित्य में हुआ। इस दौरान चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, एमडी एन एच एम, निदेशक जन स्वास्थ्य, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के वीसी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल सहित सोटो के पदाधिकारी और अंगदान से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी जिलों से अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

राज्य में आगामी 24 घंटों के दौरान अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग के कई जिलों में मानसून सक्रिय रहने से कहीं–कहीं भारी और कहीं अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल से दक्षिण–पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान कोटा और उदयपुर संभाग में चार अगस्त को कहीं–कहीं भारी से अतिभारी बारिश और एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। जयपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 4 से 6 अगस्त तक कहीं–कहीं भारी और कहीं–कहीं अति भारी बरसात होने की आशंका है।

इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में कल से शुरू हुआ बारिश का दौर अभी भी जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर बारिश बीकानेर के खाजूवाला में रिकॉर्ड की गई। सवाईमाधोपुर के मलारना डूंगर में 14 सेंटीमीटर, हनुमानगढ में 13, सादुलशहर और चौमूं में 12–12, जयपुर के जमवा रामगढ में 11, बस्सी और चाकूस में 10–10 सेंटीमीटर पानी बरसा। पाली, बीकानेर, सीकर, अजमेर, जालौर सहित कई जिलों में बरसात हो रही है। जयपुर में सुबह से ही बादल छाए रहे। हल्की बारिश भी हो रही है।

सम्पूर्णता अभियान के तहत बारां जिले के आशान्वित ब्लॉक किशनगंज में 15 ग्राम पंचायतों में चयनित संकेतकों के शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष शिविर लगाए गए। शिविरों की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई। इसमें आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाने का संदेश दिया गया। शिविरों में डायबिटीज और बीपी के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। राजीविका से जुड़ी जानकारी दी गई। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में पोषक आहार के

बारे में बताया गया। वहीं किसानों के लिए भी शिविर लगाकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे जागरुक किया गया। शिविर स्थल पर ही कार्ड का वितरण भी हुआ।

जयपुर ग्रीमण के नई नाथ धाम में दो दिवसीय लक्खी मेला आज से शुरू हो गया है। सावन की शुरूआत के साथ ही रोजाना पद यात्राएं मंदिर में पहुंच रही हैं। सुरक्षा की दृष्टि से तीन सौ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। महादेव मंदिर में आकर्षक सजावट की गई है।

भारत और श्रीलंका के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज खेला जाएगा। कोलंबो में होने वाला यह मैच दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। इससे पहले भारत ने, श्रीलंका से टी–20 मैचों की श्रृंखला तीन–शून्य से जीती है।